# तीन हजार तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस राशि का किया भुगतान

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले के रतलाम मंडल की तेंदूपत्ता समिति शिवगढ़ के तीन हजार दो सौ अठारह तेंदूपत्ता संग्राहकों को तीन लाख 89 हजार 832 रुपये बोनस का भुगतान किया गया है। मंगलवार को वर्ष 2019 का बोनस संग्राहकों के खाते में सीधे ट्रांसफर किया गया है। वहीं इस वर्ष कोरोना काल में नौ दिन में तेंदूपत्ता संग्रहण का टारगेट पूरा करने पर डीएफओ को शासन स्तर से प्रशंसा पत्र भेजा गया है।

इस वर्ष 3500 मानक बोरा संग्रहण का लक्ष्य मिला था, जिसके बदले 4000 मानक बोरा संग्रहण कर 119 प्रतिशत टारगेट पूरा किया गया है। आठ मई से 16 मई तक तीन समितियों के माध्यम से शिवगढ़, बाजना और सैलाना रेंज में साढ़े छह हजार संग्राहकों ने तेंदूपत्ता का संग्रहण किया है। एक करोड़ आठ लाख रुपये का पत्ता खरीदी गया है, जिसका भुगतान भी संग्राहकों द्वारा किया जा रहा है। कोरोना काल में तेंदूपत्ता का संग्रहण कराने से श्रमिकों को बड़ी राहत मिली है। साथ ही बोनस का भुगतान संकट की घड़ी में श्रमिकों को सहारा बनेगा। मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ भोपाल के प्रबंध संचालक एसएस राजपूत ने वन मंडल अधिकारी एवं पदेन प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित डीएस डोडवे को सराहना पत्र जारी करते हुए कहा कि 15 मई के पूर्व इस कोरोना काल में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य पूरा सराहनीय है। इसके लिए आपको एवं आपके सभी सहयोगी अधिकारी कर्मचारियों की प्रशंसा की जाती है। इस वर्ष प्रदेश में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। डीएफओ डीएस डोडवे ने बताया कि हमने इस बार लक्ष्य से अधिक संग्रहण कराया और समय पर पत्ता खरीदी की है।

नई दुनिया

## 39 मरीजों को घर जाकर दी मेडिसिन किट

रतलाम | कोविड-19 संक्रमित होकर होम आईसोलेशन में रहने वाले 39 मरीजों को मंगलवार को नगर निगम की टीम ने मेडिसिन किट घर जाकर दी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा गठित वार्ड वार दलों को 50 की सूची मिली थी। 39 मरीज घर पर ही मिले, जबकि एक अस्पताल में भर्ती था। तीन नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से निकले और चार को पहले से किट मिल चुकी थी। इनमें तीन मरीज ऐसे थे, जिनके नाम और मोबाइल नंबर गलत लिखे थे। इसके अलावा 47 मेडिसिन किट मरीज के परिजन को भी दी।

## एनआईओएस: परीक्षा परिणाम किए घोषित

रतलाम | नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (एनआईओएस) ने आशा सर्टिफिकेट प्रोग्राम परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसमें शामिल होने वाले परीक्षार्थी अपने परीक्षा परिणाम वेबसाइट voc.nios.ac.in के माध्यम से देख सकते हैं। परिणाम देखने के लिए परीक्षार्थियों को अपने एनरोलमेंट नंबर का उपयोग करना होगा।

## क्लेट : अब 15 जून तक कर सकेंगे पंजीयन

रतलाम | कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी ने क्लेट-2021 को स्थगित कर दिया है। कंसोर्टियम के नोटिफिकेशन के मुताबिक, 13 जून को होने वाली क्लेट 2021 को कोरोना की वजह से टाल दिया गया है। इसके साथ ही कंसोर्टियम ने क्लेट के लिए रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख भी एक्सटेंड कर दी है। ऑफिशियल वेबसाइट consortiumofnlus.ac.in के जरिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

**डरें नहीं... सतर्क रहें** • दूसरी लहर में 7880 लोगों ने कोरोना को हराया, 45% शुगर वाले थे, उन्हें नया खतरा

# ब्लैक फंगस से लड़ने की तैयारियां शुरू

# रतलाम जिले में दो दिन में दो संदिग्ध केस सामने आए, मेडिकल कॉलेज में 10 बेड का वार्ड बनाया, दवा मंगवाई

### एंफोटेरिसिन बी का एक भी इंजेक्शन नहीं, कॉलेज ने शासन से मांगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

आपने कोरोना को हरा दिया है... अच्छी बात है। लेकिन, नया खतरा आपके आसपास है। हम डरा नहीं रहे, बल्कि सतर्क कर रहे हैं। दरअसल, दूसरी लहर की शुरुआत 1 अप्रैल से शहर में 7880 लोग कोरोना को हरा चुके हैं, इनमें से 45% लोग ऐसे है, जिन्हें शुगर की बीमारी थी। इस कंडीशन में ब्लैक फंगस का सबसे ज्यादा खतरा रहता है। इधर, शहर में ब्लैक फंगस के इलाज के लिए काम आने वाले एंफोटेरिसिन बी का एक भी इंजेक्शन नहीं है। ऐसे में इलाज का इंतजाम तो मेडिकल कॉलेज में हो गया है, लेकिन दवा के लिए अधिकारी चिंतित है।

ब्लैक फंगस बीमारी के मरीज प्रदेशभर में सामने आ रहे है। रतलाम में एक मरीज मिला, लेकिन, उनका इंदौर में इलाज चल रहा है। इधर, डॉक्टरों के मुताबिक इस बीमारी का खतरा उन लोगों को सबसे ज्यादा है, जिन्हें शुगर थी और कोरोना हो गया। कोरोना के इलाज में स्टेरायड देते हैं, जो शुगर के मरीजों के लिए हानिकारक है। विशेष सावधान रहने की जरूरत है। मेडिकल कॉलेज में 45% केस में मरीजों को शुगर रही है। खतरे को देखते हुए मेडिकल कॉलेज में 10 बेड का वार्ड शुरू कर दिया है। यहां ब्लैक फंगस का इलाज किया जाएगा।

### मेडिकल कॉलेज में मरीजों के लिए इंजेक्शन की जरूरत

इधर, मेडिकल कॉलेज में मरीज का ख्याल रखने, इलाज के सभी संसाधन जुटा लिए हैं, लेकिन दवा का इंतजाम नहीं है। डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने शासन को लिखा है कि एंफोटेरिसिन बी इंजेक्शन का इंतजाम किया जाए। कॉलेज में अन्य स्तर से भी इस इंजेक्शन को जुटाने के प्रयास हो रहे हैं।

### संदिग्ध आने लगे हैं... अभी एक भी केस की पुष्टि नहीं

डॉक्टरों के पास संदिग्ध मरीज आने लगे हैं। मेडिकल कॉलेज में जावरा के एक मरीज में ब्लैक फंगस के लक्षण दिखे। वे 16 मई को कॉलेज आए थे, हालांकि, इसके बाद मरीज दोबारा लौटकर नहीं आए। जिला अस्पताल में मंगलवार को एक मरीज पहुंचे, उनमें लक्षण दिख रहे थे, डॉक्टरों ने सीटी स्कैन कराने की सलाह दी है। रिपोर्ट मिलने के बाद स्पष्ट हो सकेगा। समीपी नीमच जिले में 5 लोगों में ब्लैक फंगस की पुष्टि हो चुकी है।

### स्टॉकिस्ट बोले - जितने इंजेक्शन सालभर में लगते थे, रोज लग रहे, इसलिए प्रदेशभर में इसकी शॉर्टेज है

#### इंक्वायरी आ रही, इंजेक्शन नहीं हैं

*एंफोटेरिसिन बी इंजेक्शन की शॉर्टेज सभी जगह है, इंक्वायरी आ रही है, लेकिन हमारे पास इंजेक्शन नहीं है। कंपनियां भी नहीं दे रही, क्योंकि सालभर में जितने इंजेक्शन लगते थे, अब रोज लग रहे हैं, ऐसे में स्टॉक की शॉर्टेज है।*


**पवन कोठारी,** कोठारी एजेंसी

#### हमारे पास अब तक नहीं आया

*हमारे पास ये इंजेक्शन अब तक नहीं आया है। रतलाम में आया होता, तो जानकारी जरूर होती, इंक्वायरी आना शुरू हो चुकी है। यह क्रिटिकल केयर प्रोडक्ट अचानक से मांग बढ़ी है।*

**मुर्तुजा,** पार्थिया एजेंसी

### ब्लैक फंगस वो सबकुछ जो आप जानना चाहते हैं



यह एक फंगल डिसीज है। जो म्यूकरमायोसिस नाम के फंगाइल से होता है। ये ज्यादातर उन लोगों को होता है, जिन्हें पहले से कोई बीमारी हो या वो ऐसी मेडिसिन ले रहे हों जो इम्युनिटी को कम करती हो या शरीर के दूसरी बीमारियों से लड़ने की ताकत कम करती हो।

#### कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों को ज्यादा खतरा क्यों?

कोविड के इलाज के दौरान रेमडेसिविर और स्टेरायड दिए जाते हैं, ये इलाज के लिए जरूरी है। शुगर के मरीजों के लिए ये खतरनाक होते हैं। शुगर अनियंत्रित रहती है, इसलिए खतरा रहता है। जो मरीज ऑक्सीजन या वेंटिलेटर पर लंबे समय के लिए रहते हैं, उन्हें खतरा है।

#### इसकी पुष्टि कैसे करते हैं?

मरीज लक्षण लेकर हमारे पास आता है, तो सीटी स्कैन करवाते हैं। सीटी स्कैन या एमआरआई में इसकी पुष्टि हो जाती है।



आंख, स्किन और सायनस में ब्लैक फंगस के संक्रमण के बाद का एमआरआई स्कैन।

#### इसके लक्षण क्या है?

चेहरे का एक तरफ से सूज जाना, सिरदर्द होना, नाक बंद होना, उल्टी आना, बुखार आना, चेस्ट पेन होना, साइनस कंजेशन, मुंह के ऊपर हिस्से या नाक में काले घाव होना, जो कि बहुत तेजी से गंभीर हो जाते हैं।

**डॉ. बीआर रत्नाकर,** ईएनटी स्पेशलिस्ट

### रेमडेसिविर इंजेक्शन... मरीजों की परेशानी बढ़ी तो प्रशासन ने लिया कंट्रोल

दूसरी लहर की शुरुआत में 1 अप्रैल से शहर में रेमडेसिविर की किल्लत होना शुरू हो गई थी। 7 अप्रैल को शहर में एक भी इंजेक्शन नहीं बचा था। 2 हजार से ज्यादा रिपोर्ट पेंडिंग थी। इससे पहले 20 सितंबर को ऐसी स्थिति बनी थी, जब शहर में एक इंजेक्शन लोगों को नहीं मिल पा रहा था। 9 अप्रैल को प्रशासन ने इस इंजेक्शन को अपने कंट्रोल में ले लिया, हालांकि, इसके बाद परेशानी बनी रही थी। लापरवाही के मामले सामने आए इसमें एक अस्पताल में रेमडेसिविर इंजेक्शन लगाने के बाद महिला की मौत हो गई, तो वहीं, नकली इंजेक्शन बनाने वालों का रैकेट पकड़ा।

दै० भास्कर 19-5-21

अचानक से हर दिन कम होने लगी पॉजिटिव मरीजों की संख्या

# सीएम के आने के पहले शुरू हो गया आंकड़ों का मेल, सब बेहतर दिखाने कागजों पर खेल

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 19-5-21

रतलाम. कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देख मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं बुधवार को समीक्षा के लिए रतलाम आ रहे हैं। सीएम के रतलाम आने पर सब कुछ बेहतर दिखाने के लिए आंकड़ों का अलग ही खेल खेला गया है जिसके चलते बीते कुछ दिनों से रतलाम में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में अचानक से गिरावट आने लगी है। दरअसल सीएम को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था दिखाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने यह पूरा खेल रचा है।

आंकड़ों का खेल भी ऐसा है कि इसे समझ पाना हर किसी के बस का नहीं है। मुख्यमंत्री को जिले में सब कुछ बेहतर दिखाने के लिए बीते कुछ दिनों से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आरटी पीसीआर टेस्ट करना ही कम कर दिए हैं। आंकड़ों में टेस्ट की संख्या कम ना दिखे इसके लिए यह सारा खेल खेला गया है। आरटी पीसीआर टेस्ट कम करने के बाद विभाग ने रैपिड एंटीजन टेस्ट की संख्या बढ़ा दी जिससे कि जांच की संख्या तो बढ़ी हुई नजर आ रही है मरीजों की संख्या कम हो गई।

## हर दिन कम हो रही मरीजों की संख्या

बीते कुछ दिनों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने की मुख्य वजह यही बताई जा रही है लेकिन स्वास्थ्य विभाग का ऐसा करने से शहर सहित जिले में कोरोना संक्रमण का खतरा और अधिक बढ़ गया है क्योंकि यदि व्यक्ति रैपिड टेस्ट के बाद स्वस्थ होने तक घर से बाहर घूम रहा है या फिर घर में परिजनों के साथ उठना बैठना कर रहा है तो परिजनों की जान पर भी खतरा मंडराने लगा है। कोरोना जांच को लेकर शासन की गाइड लाइन है कि रैपिड टेस्ट कम करके आरटी पीसीआर टेस्ट अधिक किए जाए। इसके बाद भी रतलाम में सीएम को सब कुछ अच्छा दिखाने के लिए यह खेल खेला गया है।




### 50% से ज्यादा रैपिड टेस्ट

बीते कुछ दिनों से आरटी पीसीआर टेस्ट में कमी लाई गई है और उसके स्थान पर लगभग 50 प्रतिशत टेस्ट रैपिड एंटीजन किए जा रहे हैं। जबकि रैपिड टेस्ट को लेकर शुरू से सवाल उठ रहे हैं। दरअसल यह कहा जाता है कि रैपिड टेस्ट की जांच में 70 प्रतिशत रिपोर्ट नेगेटिव ही आती हैं। यही कारण है कि अन्य राज्यों में आना-जाना करने वालों के लिए भी आरटी पीसीआर टेस्ट को ही मान्य किया गया है, रैपिड को नहीं।

### मौत भी हुई कम

मेडिकल कॉलेज में जारी की जाने वाली रिपोर्ट में हर दिन 4 से 5 लोगों की मौत दर्शाई जा रही थी लेकिन मुख्यमंत्री के बुधवार को रतलाम आने की सुगबुगाहट के बाद सोमवार रात विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में आंकड़ा भी सिर्फ एक पर पहुंच गया। जबकि रतलाम प्रदेश में टॉप 10 के जिलों में शामिल है। कलेक्टर का तबादला किया रतलाम की कमान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को सौंपी गई है।

### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह दोपहर में आएंगे

कोरोना के बढ़ते मामलों की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान बुधवार को रतलाम आएंगे। मुख्यमंत्री 19 मई को भोपाल से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.35 बजे रतलाम पहुंचेंगे। रतलाम में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 1.45 बजे रतलाम से हेलीकॉप्टर द्वारा उज्जैन के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सीएम के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट, तीन कंपनियां लगाएंगे सुरक्षा में

### बंजली से लेकर कलेक्टोरेट तक के रास्ते पर तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी, ज्यादा संभावना मेडिकल कॉलेज में बैठक की

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान बुधवार को बहुत कम समय के लिए कोरोना महामारी की समीक्षा करने के लिए रतलाम के दौरे पर आ रहे हैं। उनके आने की सूचना मिलने के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। पुलिस अधिकारियों ने मातहतों के साथ मंगलवार की शाम को लंबी बैठक की। बंजली हवाई पट्टी से लेकर कलेक्टोरेट तक के सारे रास्ते पर पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने बताया कि रतलाम के बल के साथ ही बाहर से पुलिस फोर्स की तीन कंपनियां भी सीएम के दौरे को लेकर आ रही हैं।

पुलिस को इस बात का खास ध्यान रखने को कहा गया कि रास्ते में किसी तरह कोई भी राजनीतिक दल से जुड़ा व्यक्ति विरोध में नहीं उतरे या उनके काफिले में सामने नहीं आए। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर ज्यादा संभावना यह है कि वे बंजली हवाई पट्टी से मेडिकल कॉलेज पहुंचेंगे और यहीं पर समीक्षा करके वापस रवाना हो जाएंगे। इसके बाद भी पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने बंजली हवाई पट्टी से लेकर कलेक्टोरेट तक दो दर्जन से ज्यादा पुलिस पाइंट लगाए हैं। इन पर स्थानीय पुलिस के साथ ही बाहर से आ रही तीन कंपनियों के तीन सौ जवानों को लगाया जाएगा। कुल मिलाकर सीएम के दौरे को लेकर पांच सौ पुलिस अधिकारी व कर्मचारी लगाए जाएंगे।

पत्रिका 19-5-21

# मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन प्लांट के लिए कंप्रेशर आया, 3 दिन में कोयंबटूर से आ जाएंगे सारे उपकरण

## चेतन्य काश्यप फाउंडेशन ने पीएसए ऑक्सीजन प्लांट के लिए दिए हैं 1.02 करोड़ रुपए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बंजली स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज में इलाज करा रहे रतलाम, मंदसौर, नीमच, धार, उज्जैन और झाबुआ के कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए ऑक्सीजन की किल्लत जल्द दूर हो जाएगी। मेडिकल कॉलेज में चेतन्य काश्यप फाउंडेशन का 57 मीटर क्यूब क्षमता वाला ऑक्सीजन कंसट्रेटर प्लांट लगना शुरू हो गया है।

मंगलवार को सबसे मुख्य उपकरण कम्प्रेशर पुणे से यहां पहुंच गया है। कॉलेज में प्लांट का आधार पहले से तैयार कर लिया था। मंगलवार को उस पर जेसीबी की सहायता से कंप्रेशर लगाया। दो-तीन दिन में चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा 1.02 करोड़ की लागत से लगने वाले प्रेशर स्विंग एब्जार्ब्सन (पीएसए) ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट के बाकी के उपकरण कोयंबटूर से पहुंच जाएंगे। इन्हें लगाकर जोड़ने के बाद प्लांट शुरू कर ऑक्सीजन का उत्पादन शुरू कर देगा। फाउंडेशन अध्यक्ष और विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया प्लांट डीआरडीओ की चैनल पार्टनर कंपनी ट्रायडेंट लगा रही है। डीआरडीओ देश के कई शहरों में प्लांट लगा रही है। विधायक काश्यप के अनुसार सारे उपकरण आते ही प्लांट शुरू कर दिया जाएगा। शेड बनाने और इलेक्ट्रिकल्स के अन्य काम हो गए हैं।

### ऑक्सीजन में आत्म निर्भर हो जाएगा मेडिकल कॉलेज



चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा लगाया जा रहा पीएसए प्लांट स्थानीय स्तर पर ऑक्सीजन उत्पादित करेगा। इस खासियत की वजह से मेडिकल कॉलेज ऑक्सीजन में आत्म निर्भर हो जाएगा। वर्तमान में सूरत से एक टैंकर लिक्वीड ऑक्सीजन रोज आ रहा है। अनिश्चितता होने से तनाव रहता है। विधायक काश्यप ने बताया प्लांट लगने से मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती 140 मरीजों को लगातार ऑक्सीजन मिल सकेगी।

दै. भास्कर 19-5-21




## ऑक्सीजन प्लांट का कम्प्रेशर पहुंचा

**रतलाम.** मेडिकल कालेज में चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा स्थापित होने वाले 1.02 करोड़ की लागत वाले पीएसए आक्सीजन कंसट्रेटर प्लांट का मुख्य उपकरण कम्प्रेशर मंगलवार को पुणे से रतलाम पहुंच गया। प्लांट का फाउंडेशन पहले ही तैयार हो चुका है। दो-तीन दिन में कोयम्बटूर से अन्य आवश्यक उपकरण भी पहुंच जाएंगे। इसके बाद जल्द ही प्लांट शुरू कर दिया जाएगा। फाउंडेशन अध्यक्ष एवं विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि 57 मीटर क्युब का पीएसए आक्सीजन प्लांट ट्रायडेन्ट कंपनी लगाएगी, जो डीआरडीओं की चैनल पार्टनर है।डीआरडीओं देश के विभिन्न स्थानों पर प्लांट लगा रही है? रतलाम में लगने वाले प्लांट के अन्य उपकरण कम्पनी द्वारा कोयम्बटर से लाए जा रहे है,जो एक दो दिन में रतलाम पहुंच जायेंगे। विधायक काश्यप ने बताया कि मेडिकल कालेज में उपकरण आते ही तत्काल उन्हें स्थापित कर प्लांट शुरू कर दिया जाएगा। शेड बनाने और इलेक्ट्रिकल्स के अन्य कार्य पूर्ण हो गए है। गौरतलब है कि पीएसए प्लांट सीधी हवा से स्थानीय स्तर पर ही आक्सीजन उत्पादित करता है। इससे आक्सीजन आपूर्ति की अनिश्चितता खत्म होगी।

पत्रिका
19-5-21

## तालाबंदी का उल्लंघन करने पर 356 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई

रतलाम ● जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए तालाबंदी का उल्लंघन कर धारा 144 जा.फौ. के आदेश के उल्लंघन करने वाले कुल13 व्यक्तियों और प्रतिष्ठानों के विरुद्ध धारा 188 के अंतर्गत कुल 9 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए । वहीं बेवजह घूम रहे 84 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर अस्थायी जेल में निरुद्ध किया,मास्क न लगाने वाले 153 व्यक्तियों से शुल्क वसूला। मोटर व्हिकल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए कुल 106 व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई है । साथ बिना कारण बाहर घूमने वालों के वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है व वाहन जब्त कर न्यायालय हेतु प्रकरण बनाए जा रहे हैं जिनका निराकरण 15 जून के उपरांत न्यायालय खुलने के उपरांत की न्यायालय द्वारा की जाएगी।

19-5-21

## बेवजह घूम रहे लोगों की सैंपलिंग में दो पॉजिटिव पाए गए

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. बिना कारण के घुमने वाले 43 लोगों को खुली जेल में रखा गया। कोरोना जांच कराई गई जिसमें से दो कोरोना पाजिटिव पाए गए। मंगलवार को प्रशासन की टीम ने शहर में बिना कारण घुम रहे 43 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए इन्हें ओपन जेल भेजा। इन सभी लोगों के कोरोना जांच के लिए सैंपल भी लिए गए। सैंपलिंग में दो व्यक्ति पॉजिटिव पाए गए। इसी प्रकार प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद भी दुकान खुली पाए जाने पर आठ दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इनमें निर्धारित समय के बाद भी व्यवसाय करने वाले मेडिकल स्टोर सहित जनरल शॉप, किराना स्टोर, मटन दुकानें शामिल हैं। यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। इसके साथ ही गली, मोहल्लों, कालोनियों में बिना कारण घुमने और समूह बनाकर बैठने वाले लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है।

पत्रिका 19-5-21

## बिना कारण घूम रहे 43 पर कार्रवाई

रतलाम। शहर में कोरोना प्रचितबंध के बावजूद लापरवाही लोगों सड़कों पर बेवजह घुमने निकल आ रहे हैं। प्रशासन द्वारा इस पर सख्ती बरतने के लिए कार्रवाई भी शुरू की गई हैं। इसके तहत ऐसे लोगों को पकड़ कर उनकी जांच की जा रही है और अस्थायी जेल में भेजा हा रहा हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर रतलाम शहर में प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने वाले लोगों एवं व्यापारियों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को प्रशासन की टीम ने शहर में बिना कारण घुम रहे हैं 43 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए इन्हें ओपन जेल भेजा गया। इन सभी के सैंपल भी लिए गए। सैंपलिंग में दो व्यक्ति पॉजिटिव पाए गए।

### ▶ सैंपलिंग में दो पॉजिटिव



### 8 दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई

इसी प्रकार प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद भी दुकान खुली पाए जाने पर 8 दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई है इनमें निर्धारित समय के बाद भी व्यवसाय करनेवाले मेडिकल स्टोर सहित जनरल शॉप, किराना स्टोर, मटन शॉप की दुकानें शामिल है। यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। इसके साथ ही गली, मोहल्लों, कालोनियों में बिना कारण घुमने और समूह बनाकर बैठने वाले लोगों के विरुद्ध भी कार्यवाही की जा रही है।

19-5-21

# आज दस स्थानों पर 18 से 44 वर्ष आयु वालों को लगेंगे टीके

19-5-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लोगों को बुधवार को दस केंद्रों पर कोरोना वैक्सीन लगाई जाएगी। इन केंद्रों पर आनलाइन प्री स्लाट बुकिंग कराने वाले हितग्राहियों का टीकाकरण किया जाएगा।

टीकाकरण शासकीय कालेज पुलिस स्टेशन के पास आलोट, महात्मा गांधी स्कूल जेल रोड जावरा, शासकीय बालक हायर सेकंडरी स्कूल मंडी के सामने सैलाना, हायर सेकंडरी स्कूल नामली, रतलाम में सूरज हाल वेदव्यास कालोनी, गुरुनानक सिंधु भवन संत कंवरराम नगर बिरियाखेड़ी रोड, कम्यूनिटी हाल जवाहर नगर, लायंस हाल रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, मोहन टाकीज घास बाजार, आइएमए हाल राजेंद्र नगर रतलाम पर कोविशील्ड का टीकाकरण किया जाएगा।



| मई माह में इस तरह होगी बुकिंग | |
|---|---|
| टीकाकरण | सत्र बुकिंग |
| 20 मई | 19 मई |
| 22 मई | 21 मई |
| 24 मई | 23 मई |
| 26 मई | 25 मई |
| 27 मई | 26 मई |
| 29 मई | 28 मई |

जिला टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील ने बताया कि 18 से 44 वर्ष आयु समूह के टीकाकरण के लिए स्लाट बुकिंग टीकाकरण दिवस के एक दिन पूर्व सुबह 10 से 10:30 बजे के दौरान खुलेगी। इच्छुक हितग्राही अपना स्लाट बुक करा सकते हैं।

### 45 वर्ष से अधिक आयु में टीकाकरण 12 स्थानों पर

बुधवार को कोविड टीकाकरण सत्रों में कोविशील्ड का पहला और दूसरा दोनों प्रकार के टीके लगाए जाएंगे। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए जिले के मांगलिक भवन मंडावल रोड खारवाकलां, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ाकलां, मांगलिक भवन जनपद पंचायत के पास बाजना, महात्मा गांधी स्कूल जेल रोड जावरा, ग्राम पंचायत बड़ियागोयल, सामुदायिक भवन ढोढर, नगर पंचायत बड़ावदा, ग्राम पंचायत रिंगनोद, जनपद पंचायत पिपलौदा, मांगलिक भवन जूनावास मोहल्ला सैलाना, हायर सेकंडरी स्कूल शिवगढ़?, आफिसर्स क्लब डीआरएम आफिस दो बत्ती रतलाम, कम्युनिटी हाल अलकापुरी पर टीकाकरण किया जाएगा। पुराना कलेक्टोरेट पर केवल फ्रंटलाइन वर्कर को दूसरा टीका लगाया जाएगा।

नई दुनिया 19-5-21

# कोरोना कर्फ्यू में छूटे परिवारों को खाद्यान्न देने के लिए पात्रता पर्ची जारी की जाएगी

## अधिकतम दो दिन में होगा आवेदनों का सत्यापन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना कर्फ्यु में खाद्य सुरक्षा निश्चित करने के लिए पात्रता, पर्चीविहीन एवं छूटे हुए परिवारों को खाद्यान्न वितरण करने के निर्देश सीएम ने दिए हैं। छूटे गरीब परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने हेतु हितग्राहियों के सत्यापन एवं अस्थायी पात्रता पर्ची जारी करने की प्रक्रिया तय की जाकर अस्थायी पात्रता पर्ची जारी की जाएगी।

जिला आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी ने बताया हितग्राहियों के सत्यापन एवं अस्थायी पात्रता पर्ची जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। सीएम के निर्देशानुसार कोरोना कर्फ्यु में पात्रता अनुसार खाद्यान्न वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। हितग्राहियों के सत्यापन एवं पात्रता पर्ची जारी करने और छूटे हुए हितग्राहियों के सत्यापन में एनएफएसए 2013 के अंतर्गत निर्धारित 24 श्रेणियों की पात्रता संबंधित दस्तावेज उपलब्ध न होने पर हितग्राही द्वारा संबंधित श्रेणी में होने का आवेदन सह घोषणा पत्र स्थानीय निकाय में प्रस्तुत करना होगा। स्थानीय निकाय द्वारा आवेदन सहघोषणा पत्र की पंजी संधारित की जाएगी। परिवार की समग्र आईडी होना अनिवार्य है। यदि नहीं हुई तो तत्समय द्वारा आईडी तैयार की जाएगी। आवेदक को परिवार के सदस्यों के आधार नंबर देने की अनिवार्यता नहीं है। परिवार के जिन के आधार नंबर ना हो उनकी प्रविष्टि पोर्टल पर की जाएगी। सत्यापन की कार्रवाई अधिकतम दो दिन में पूरी की जाएगी। राशन मित्र पोर्टल पर आपदा खाद्यान्न राहत माड्यूल में आवेदक की जानकारी प्रविष्ट की जाएगी। हितग्राही को अस्थायी पात्रता पर्ची जारी करने के लिए अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत, वार्ड कार्यालय से अग्रेषित आवेदनों का परीक्षण उपरांत राशन मित्र पोर्टल पर की जाएगी।

# खाद्यान्न पात्रता पर्ची हेतु 2 हजार 389 ने जमा कराये आवेदन

रतलाम। शासन निर्देशानुसार कोविड-19 के संक्रमण के कारण लॉक डाउन अवधि में गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पात्रता पर्चीविहीन/छूटे हुए गरीब परिवारों को खाद्यान्न वितरण हेतु अस्थायी पर्ची बनाने हेतु 14 से 18 मई तक नागरिकों ने निगम के झोन क्रमांक 1 पर 413, झोन क्रमांक 2 पर 511, झोन क्रमांक 3 पर 735 व झोन क्रमांक 4 पर 730 इस तरह कुल 2389 आवेदन जमा कराये। प्राप्त आवेदनों के पात्र परिवारों के सत्यापन की कार्यवाही राशन-मित्र पोर्टल पर प्रारंभ कर दी गई है। अस्थायी पात्रता पर्ची बनाने हेतु निगम के झोन कार्यालयों पर प्रातः 8:00 बजे से आवेदन व आवश्यक दस्तावेज लिये जा रहे हैं। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि एनएफएसए 2013 अन्तर्गत 24 श्रेणी के परिवारों को पात्रता श्रेणी अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है। कोविड-19 के संक्रमण के कारण लॉक डाउन अवधि में गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पात्रता

## हादसा टला: लोहार रोड पर बिजली मीटर में आग लगी, फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची



रतलाम | लोहार रोड पर मंगलवार दोपहर 1.50 बजे बिजली के मीटर में आग लग गई। थोड़े देर में आसपास के मीटर ने आग पकड़ ली। आग की लपटे देख सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। शेख चावरे सहित अन्य फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने मिलकर आग पर काबू पाया। आग बिल्डिंग मटेरियल की दुकान के बाहर लगे मीटर में लगी थी। आग की सूचना पर बिजली कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए औ कनेक्शन काटा। बिजली कंपनी के शहर कार्यपालन यंत्री विनय प्रतापसि ने बताया सूचना पर कर्मचारियों को भेज दिया था। मीटर में आग क्यों ल जांच करवा रहे हैं। भास्कर

दै. भास्कर
19-5-21

## शार्ट सर्किट से चार मीटरों में अचानक लगी आग



### सूचना के आधे घंटे तक नहीं आए बिजलीकर्मी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 19-5-21

रतलाम. लोहार रोड स्थित एक बिल्डिंग मटेरियल की दुकान व पड़ोसी के मकान की दीवार के बीच लगे बिजली के चार मीटर में मंगलवार को शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। मोहल्लों के लोगों ने बिजली कंपनी व दमकल को फोन लगाकर सूचना दी, लेकिन बिजली कंपनी के कर्मचारी 30 मिनट तक आए ही नहीं, इससे आग पर काबू पाने के काम में देरी हुई।

नगर निगम के दमकल विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि उनको सूचना मिली की लोहार रोड पर आग लगी है। इसके बाद पहले एक व बाद में दूसरी दमकल भेजी गई। हालांकि दमकल समय पर पहुंच गई, लेकिन बिजली सप्लाय जारी रहने के चलते आग पर काबू पाने के काम की शुरुआत देरी से हुई। इसकी वजह से आग पर नियंत्रण देरी से पाया जा सका। दमकल विभाग के अनुसार आग संजय चोरड़िया के यहां पर लगी।

पत्रिका
19-5-21

# आज कोरोना नियंत्रण के इंतजामों की समीक्षा करेंगे सीएम

## 70 मिनट का दौरा, कलेक्टोरेट में जिले के जिम्मेदारों से करेंगे चर्चा, बैठक के बाद उज्जैन जाएंगे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना से बिगड़े हालात को लेकर नाराज हुए सीएम शिवराजसिंह चौहान आज रतलाम आकर नियंत्रण के लिए किए गए इंतजामों की समीक्षा करेंगे। वे दोपहर 12:35 बजे हेलीकाप्टर से आएंगे और कलेक्टोरेट में समीक्षा बैठक लेने के बाद 1:45 बजे उज्जैन के लिए रवाना होंगे। 70 मिनट के इस दौरे में सीएम मार्च से अब तक मिले कोरोना मरीज, मौत, कंटेनमेंट, मेडिकल किट वितरण, उपचार सहित अन्य बिंदुओं पर सीधे जिले के जिम्मेदारों से चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री के साथ उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव भी रतलाम आएंगे।

मालूम हो कि मार्च माह के अंत से मई के पहले सप्ताह तक नए मरीज व मौत की संख्या तेजी से बढ़ने पर सीएम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में तत्कालीन कलेक्टर गोपालचंद्र डाड से जवाब मांगा था। इसके बाद मेडिकल कालेज में उपचार नहीं मिलने से वकील सुरेश डांगर की सड़क पर हुई मौत व अगले दिन मेडिकल कालेज के गेट पर मरीज की मौत होने पर सीएम ने तत्कालीन कलेक्टर गोपालचंद्र डाड को हटाकर उनकी जगह गुना से कुमार पुरुषोत्तम को कलेक्टर के रूप में पदस्थ किया। आठ मई को 398 पाजिटिव मिलने के बाद नए मरीजों में कमी आ रही है, लेकिन मौत की संख्या कम नहीं हुई है। मौत के मान से प्रदेश के चार प्रमुख जिलों में रतलाम शामिल है। इस वजह से सीएम खुद ही इंतजामों को परखने आ रहे हैं। मंगलवार सुबह सीएम के आने की जानकारी मिलने के बाद प्रशासकीय स्तर पर तैयारी शुरू हो गई। कलेक्टोरेट में सभाकक्ष के सैनिटाइजेशन के साथ ही बैठक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। स्वास्थ्य विभाग का अमला भी प्रेजेंटेशन तैयार कर रहा है। कोरोना कर्फ्यू के दृष्टिगत मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा समस्त जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक को हवाई पट्टी पर पहुंचने से मना किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा ली जाने वाली समीक्षा बैठक में उपस्थित रहने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

### कोरोना की चाल पर नजर

| तारीख | मरीज मिले | स्वस्थ हुए | मौत | एक्टिव मरीज |
|---|---|---|---|---|
| 08 मई | 398 | 055 | 06 | 3038 |
| 09 मई | 360 | 039 | 05 | 3354 |
| 10 मई | 350 | 078 | 05 | 3621 |
| 11 मई | 330 | 215 | 05 | 3736 |
| 12 मई | 305 | 314 | 05 | 3722 |
| 13 मई | 298 | 282 | 06 | 3732 |
| 14 मई | 270 | 277 | 04 | 3721 |
| 15 मई | 244 | 369 | 04 | 3592 |
| 16 मई | 190 | 344 | 04 | 3434 |
| 17 मई | 170 | 321 | 01 | 3282 |

## रतलाम पहुंचा आक्सीजन प्लांट का कंप्रेशर, शीघ्र आएंगे अन्य उपकरण



मेडिकल कालेज में आक्सीजन प्लांट का कंप्रेशर रखती हुई क्रेन। ● नईदुनिया

रतलाम। शासकीय मेडिकल कालेज में चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा 1.02 करोड़ की लागत से स्थापित होने वाले पीएसए आक्सीजन कंसंट्रेटर प्लांट का मुख्य उपकरण कंप्रेशर मंगलवार को पुणे से रतलाम पहुंच गया। कालेज में प्लांट का फाउंडेशन पहले ही तैयार हो चुका है। दो-तीन दिन में कोयम्बटूर से अन्य आवश्यक उपकरण भी रतलाम पहुंच जाएंगे। इसके बाद जल्द ही प्लांट शुरू कर दिया जाएगा।

फाउंडेशन अध्यक्ष और विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि 57 मीटर क्यूब का पीएसए आक्सीजन प्लांट ट्रायडेंट कंपनी लगाएगी, जो डीआरडीओ की चेन्नई पार्टनर है। डीआरडीओ देश के विभिन्न स्थानों पर प्लांट लगा रही है। रतलाम में लगने वाले प्लांट के अन्य उपकरण कंपनी द्वारा कोयम्बटूर से लाए जा रहे हैं, जो एक दो दिन में रतलाम पहुंच जाएंगे। काश्यप ने बताया कि मेडिकल कालेज में उपकरण आते ही तत्काल उन्हें स्थापित कर प्लांट शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए शेड बनाने और इलेक्ट्रिकल्स के अन्य कार्य पूर्ण हो गए हैं। गौरतलब है कि पीएसए प्लांट सीधी हवा से स्थानीय स्तर पर ही आक्सीजन उत्पादित करता है। इससे आक्सीजन आपूर्ति की अनिश्चितता खत्म होगी।

## जिले में 34 केंद्रों पर हो रहा कोरोना मरीजों का उपचार



रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना संक्रमण दर पर नियंत्रण के लगातार किए गए प्रयासों में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के जावरा, आलोट, सैलाना, बाजना, पिपलौदा, ताल एवं हाटस्पाट क्षेत्रों में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का परीक्षण कर स्वास्थ्य अमले को मुस्तैद किया। ग्रामीण क्षेत्रों में कोविड केयर सेंटर शुरू करने के साथ ही बेड बढ़ाए गए, आक्सीजन सिलिंडर की संख्या में वृद्धि की गई। इससे मेडिकल कालेज पर आने वाले मरीजों की संख्या में भी कमी आई है।

### जिले में इन स्थानों पर हो रहा इलाज

जिले के आलोट, नामली, ताल, सैलाना, पिपलौदा, बाजना, बिरमावल, बड़िया गोयल, रिंगनोद, ढोढर, बड़ावदा, खारवाकलां, बरखेड़ा, बिलपांक, बांगरोद, धराड़, धामनोद, सरवन, शिवगढ़, बेड़दा, सकरावदा, कालूखेड़ा, मावता, पंचेवा, सुखेड़ा, रावटी, चंद्रगढ़, मंडावल, भोजाखेड़ी, कनाड़िया, जावरा, रेलवे हास्पिटल रतलाम, शासकीय मेडिकल कालेज और जिला अस्पताल में संचालित केंद्रों में सुविधाएं बढ़ाई गई हैं।

### उपचार में संसाधनों की स्थिति

| | |
|---|---|
| जंबो आक्सीजन सिलिंडर | 222 |
| 44 सीएफटी सिलिंडर | 213 |
| आक्सीजन कंसंट्रेटर | 135 |
| आक्सीजन फ्लोमीटर | 143 |

### 34 केंद्रों पर बेड की स्थिति

| | |
|---|---|
| गंभीर मरीजों के लिए | 376 |
| आक्सीजन बेड | 578 |
| कोविड केयर सेंटर में बेड | 1695 |

### मरीजों की संख्या में कमी

मंदसौर। जिले में लगातार कम हो रहे मरीजों का असर अब जिला चिकित्सालय पर भी दिखने लगा है। अस्पताल के गलियारों में भी बेड लगा दिए गए थे। मरीज कम होने पर मंगलवार से गलियारों से भी पलंग हटा दिए गए हैं।

नई दुनिया
17-5-21

# पॉवर हाउस रोड : फोरलेन बनने के बाद हुई पहली बारिश के बाद ये हैं हाल

रतलाम | पॉवर हाउस रोड फोरलेन बनने के बाद पहली बार बारिश हुई है। कई स्थानों पर रोड ऊंचा हो गया है नतीजतन कई स्थानों पर पानी भरने लगा है। इससे लोगों को आने जाने में दिक्कत आ रही है। जिन जगहों पर पानी भरा है उनमें बिजली कंपनी सर्कल ऑफिस, सिटी ऑफिस, कैनरा बैंक के सामने, डीआरएम ऑफिस के सामने, मंडी गेट के सामने और मंडी गेट के सामने राजस्व कॉलोनी वाली गली शामिल हैं।



बिजली कंपनी के सिटी ऑफिस के मुख्य गेट पर भरा बारिश का पानी। फोटो चिंटू मेहता



डीआरएम ऑफिस के सामने पेट्रोल पंप के बाहर भरा पानी।

दै. भास्कर
19-5-21

# लगातार घट रही मरीजों की संख्या से राहत, 160 नए पाजिटिव

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। बीते 10 दिनों से लगातार नए कोरोना मरीजों की संख्या घट रही है, वहीं स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़ रही है। मौत का आंकड़ा भी सोमवार को केवल एक ही रहा था। इससे शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं। मई माह के 18वें दिन मंगलवार को 160 नए पाजिटिव केस सामने आए। तीन की मौत हुई। 377 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 3062 है। जिले में अब तक 16364 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 13031 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 271 पर पहुंच गया है।

**मेडिकल कालेज में 41 नए मरीज**

शासकीय मेडिकल कालेज में मंगलवार को 41 नए मरीज भर्ती हुए। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आइसीयू बेड 56, एचडीयू में 172, आक्सीजन बेड 180 सभी फुल हैं। नान आक्सीजन बेड 142 में से 84 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 466 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 306 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 84 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल रिसीव्ड 6376, डिस्ट्रीब्यूटेड 1437, कन्ज्यूम्ड 4917, करंट स्टाक 22 है।




रहवासी क्षेत्र में सैनिटाइजेशन करते हुए निगमकर्मी। • नईदुनिया 19-5-21

**कंटेनमेंट क्षेत्रों में किया जा रहा सैनिटाइजेशन**

कोरोना के फैलाव को रोकने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित-मरीज पाए जाने पर बनाए गए कंटेनमेंट क्षेत्रों में फायर लारी, ट्रैक्टर व हैंड स्प्रे मशीन से सैनिटाइजेशन किया जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि पानी में एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर सैनिटाइजेशन का कार्य जोन अनुसार नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है।

**39 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण**

ई-दक्ष केंद्र से मंगलवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 50 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्डवार गठित दलों को



वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्डवार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया। इसके तहत सूची अनुसार 39 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण किया गया। एक मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया। तीन मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाए गए। चार मरीजों को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया। तीन मरीजों के कांटेक्ट नंबर व पते गलत पाए गए। इसके अलावा 47 मेडिसीन किट मरीज के स्वजनों को प्रदान की गई।

**नगरीय क्षेत्र में 112 कंटेनमेंट जोन बनाए**

कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे हैं, उस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन बनाया जा रहा है। इसके तहत नगरीय क्षेत्र में अब तक 112 कंटेनमेंट जोन बनाए जा चुके हैं।

नईदुनिया 19-5-21

# पॉजिटिविटी रेट 10 दिन में 32 से 16 % पर आया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

19-5-21

दस दिन में जिले का कोरोना का पॉजिटिविटी रेट 50 प्रतिशत घट चुका है। वर्तमान में जिले का पॉजिटिविटी रेट 16.77 प्रतिशत है, जो 8 मई के संक्रमण काल में सबसे ज्यादा 32.89 प्रतिशत तक पहुंच गया था। यह संभव हो पाया सख्ती से। आठ दिन में शहर में 112 कंटेनमेंट बनाए, तो जिले के 100 से ज्यादा गांवों को बाहर से आने वाले सारे रास्ते बंद कर सील कर दिया। सबसे कारगार साबित हुई गाइड लाइन का उल्लंघन करने वालों पर चल रही कार्रवाई। इन सबके चलते वर्तमान में शहरी क्षेत्र (रतलाम, जावरा, आलोट) का पॉजिटिविटी रेट 7.28 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र का 9.49 प्रतिशत तक नीचे आ गया है, जो दस दिन पहले क्रमशः 14 और 18 प्रतिशत तक पहुंच गया था। संक्रमण इसी रफ्तार से काबू आता रहा तो 25 मई बाद कोरोना कर्फ्यू से छुटकारा मिल सकता है। इतना ही नहीं उम्मीद है कि जून तक हालात काफी सुधर जाए।

**कंटेनमेंट जोन बनाए :** 11 से 18 मई तक रतलाम में अब तक 112 कंटेनमेंट जोन बनाए हैं। मंगलवार को 19 इलाकों में कंटेनमेंट बनाए।

**ग्रामीण क्षेत्रों पर नजर :** संक्रमण ने मई के पहले और दूसरे सप्ताह में शहर से निकलकर तेजी से ग्रामीण अंचल को चपेट में लेना शुरू कर दिया था। यही वजह है कि कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आते ही शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्लान बनाकर सख्ती की। मंगलवार को कलेक्टर ने जावरा, आलोट, सैलाना, बाजना, पिपलौदा, ताल एवं हॉट स्पॉट क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

**जिले का पॉजिटिविटी रेट**

| | |
|---|---|
| कुल | 16.77 प्रतिशत |
| शहर (रतलाम, जावरा, आलोट) | 7.28 प्रतिशत |
| ग्रामीण | 9.49 प्रतिशत |
| कुल रिपोर्ट आई | 10806 |
| कुल पॉजिटिव | 1812 |
| शहर में पॉजिटिव | 787 |
| ग्रामीण में पॉजिटिव | 1025 |

(सोमवार की स्थिति में)

*पिछले कुछ दिनों में जिले में संक्रमण दर लगातार घट रही है। जिले का पॉजिटिविटी रेट 16.77 प्रतिशत हो गया है। यह सब सामुहिक प्रयासों का नतीजा है। कोविड केयर सेंटर की सुविधाओं को और बढ़ाएंगे।*

**कुमार पुरुषोत्तम**, कलेक्टर

*शहर की स्थिति भी धीरे-धीरे सुधर रही है। कंटेनमेंट बनाने से फायदा हुआ है। उपचार के लिए मेडिकल फेसिलिटी का लगातार विस्तार किया जा रहा है।*

**चेतन्य काश्यप**, विधायक

दै. भास्कर 19-5-21

# जिले में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा थमा, मृत्युदर भी कम

## दस माह की बच्ची व तीन वर्ष की बालिका कोरोना पॉजिटिव हुई

रतलाम ● स्वदेश समाचार कोरोना संक्रमण की रफ्तार में थोड़ी कमी आई है। सोमवार देर रात जारी मेडिकल बुलेटिन में संक्रमितों का आंकड़ा 170 रह गया है और मृतक का आकड़ा भी मात्र एक रहा, जबकि प्रतिदिन चार से पांच मरीजों के मृत होने की जानकारी आ रही थी। अभी भी 3282 एक्टिव मरीज कोविड हॉस्पिटल में भर्ती है, 504 की सैम्पल रिपोर्ट आना बाकी है। 321 पॉजिटिव मरीज डिस्चार्ज किए गए। मंगलवार को दोपहर में 31 मरीज डिस्चार्ज किए गए।

मेडिकल कॉलेज के डीन जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को 41 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 है, जिनमें आईसीयू बेड 56, एचडीयू में 172 तथा ऑक्सीजन बेड 180 सभी फुल है। बिना ऑक्सीजन बेड 142 में 84 पर मरीज भर्ती है। कुल 466 मरीज अस्पताल में भर्ती है, इनमें 306 पॉजिटिव है। शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले है। अस्पताल में रिक्त बेड 84 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल 6 हजार 376 प्राप्त हुए, जिनमें 1 हजार 437 वितरित किए गए और 4 हजार 917 कन्ज्यूम्ड हुए। वर्तमान में करंट स्टाफ 22 है। उन्होंने बताया कि मरीजों एवं उनके परिजनों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे है। सोमवार को मिली कोरोना जांच रिपोर्ट में रतलाम सिटी में 46 कोरोना पॉजिटिव, जावरा में 33 कोरोना पॉजिटिव, पिपलोदा में 22 कोरोना पॉजिटिव, सैलाना में 20 कोरोना पॉजिटिव, आलोट में 7 कोरोना पॉजिटिव, ताल में 4 कोरोना पॉजिटिव एवं जिले के अन्य ग्राम सेमलिया, जड़वासाखुर्द, मायाखेड़ा, लुनेरा, बिबड़ोद, खुशालगढ़, प्रीतमनगर, मेवासा, बाजना, डबदिया, तालोड़, जमुनियासंकर, बर्डियाराठोर, पलसोड़ी, सरवन, मानखेड़ीनगरा, बदछपरा, धराड़, ईटावामाताजी, शिवपुर, बिलपांक, कालूखेड़ी, दंतोडिया, नायन, बोदिनानगरा, रावटी, ढोढर आदि ग्रामीण क्षेत्रों से 38 महिला व पुरुषों की कोरोना पॉजिटिव जांच रिपोर्ट आई है। रतलाम सिटी व ग्रामीण क्षेत्र के कुल मिलाकर 170 महिला व पुरुषों व बच्चों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव है। इस कोरोना पॉजिटिव जांच रिपोर्ट में रतलाम की 10 माह की बच्ची, 3 वर्ष की बालिका, भीलोकीखेड़ी में 12 वर्ष का बालक, पिपलोदा में 14 वर्ष का बालक भी शामिल है।

### दस स्थानों पर कोविड टीकाकरण

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम जिले में 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लोगों का 19 मई बुधवार को कोविड टीकाकरण के लिए दस केन्द्रो का निर्धारण किया गया है। इन केन्द्रो पर ऑनलाइन प्री स्लॉट बुकिंग कराने वाले हितग्राहियों का टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि इच्छुक हितग्राही अपना स्लाट बुकिंग करवा सकते है। 19,21,23,25,26,28 और 30 मई तक स्लाट बुकिंग होगी तथा टीकाकरण 20,22,24,27,29 व 31 मई को टीकाकरण होगा। टीकाकरण दिवस के 1 दिन पूर्व सुबह 10 से 10.30 बजे के दौरान स्लाट बुकिंग खुलेगी। मंगलवार, शुक्रवार एवं रविवार तथा शासकीय अवकाश के दिन कोविड टीकाकरण सत्र आयोजित नहीं होंगे।

### 93 कंटेनमेंट झोन बनाए

ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे है उस क्षेत्र को कंटेनमेंट झोन बनाया जा रहा है जिसके तहत अब तक 93 कंटेनमेंट झोन बनाए जा चुके है।

# कलेक्टर के निर्देश: वैक्सीनेशन प्रोग्राम को अधिक सुविधाजनक बनाए

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले में चल रहे हैं वैक्सीनेशन प्रोग्राम को अधिक सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत रतलाम जिले में 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का टीकाकरण 12 स्थानों पर किया जाएगा।

इसी तरह 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लोगों का 19 मई बुधवार को कोविड टीकाकरण के लिए दस केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। इन केन्द्रों पर ऑनलाईन प्री स्लॉट बुकिंग कराने वाले हितग्रहियों का टीकाकरण किया जाएगा। जिले में 18 से 44 वर्ष आयु समूह अंतर्गत शासकीय कॉलेज पुलिस स्टेशन के पास आलोट, महात्मा गांधी स्कूल जेल रोड जावरा, शासकीय बालक हायर सेकंडरी स्कूल मंडी के सामने सैलाना, हायर सेकंडरी स्कूल नामली, सूरज हॉल वेदव्यास कॉलोनी रतलाम, गुरुनानक सिंधु भवन संत करवाराम नगर विरियाखेडी रोड रतलाम, कम्युनिटी हॉल जवाहर नगर रतलाम, लायंस हॉल रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे रतलाम, मोहन टॉकीज घास बाजार रतलाम आईएमए हॉल राजेन्द्र नगर रतलाम पर कोविशील्ड का टीकाकरण किया जाएगा। 18 से 44 वर्ष आयु समूह के टीकाकरण के लिए स्लॉट बुकिंग टीकाकरण दिवस के एक दिन पूर्व सुबह 10 से 10.30 बजे के दौरान खुलेगी। इच्छुक हितग्राही अपना स्लॉट बुकिंग करा सकते हैं।

# 112 कनटेंनमेंट झोन बनाये

कोविड-19 कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे है उस क्षेत्र को कनटेनमेंट झोन बनाया जा रहा है जिसके तहत अब तक 93 कनटेंनमेंट झोन बनाये जा चुके है। अब तक इस तरह 8 दिवस में 112 कनटेनमेंट झोन रतलाम नगरीय क्षेत्र में बनाये गये हैं।

नया भारत 19.5.21

नव भारत
19.5.21

# मुख्यमंत्री चौहान आज रतलाम आएंगे



रतलाम ● मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 19 मई को प्रात: 11.45 बजे भोपाल से प्रस्थित होकर 12.35 पर बंजली हवाई पट्टी पर पहुंचेंगे। स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद वे 1.45 बजे हेलीपेड से रवाना होकर दोपहर 2.5 बजे उज्जैन पहुंचेंगे। वहां स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद 4.15 बजे उज्जैन से प्रस्थान कर 5 बजे भोपाल पहुंचेंगे। ज्ञातव्य है मुख्यमंत्री कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा के लिए प्रदेशव्यापी दौरा कर रहे हैं, उसी के तहत वे रतलाम भी पहुंच रहे हैं। वे यहां जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से चर्चा करेंगे।

21 | 19-5-21

21 | 19-5-21

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज आएंगे



रतलाम। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 19 मई को रतलाम आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 19 मई को प्रात: 11.45 बजे भोपाल से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12:35 बजे रतलाम हेलीपैड पर पहुंचेंगे। रतलाम में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत दोपहर 1.45 बजे रतलाम से हेलीकॉप्टर द्वारा उज्जैन के लिए प्रस्थान करेंगे।